प्रेस नोट **15/09/2024**

महिला एच्छिक ब्यूरो के प्रयास से 03 दंपती साथ साथ रहने को हुए राजी, 56 मामलों में से 16 मामलों का हुआ निस्तारण-

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में आज दिनांक 15.09.2024 को महिला एच्छिक ब्यूरो की बैठक पुलिस कार्यालय में सम्पन्न हुयी। इस दौरान एच्छिक ब्यूरो के सदस्यो के समक्ष कुल 56 मामले आये जिसमें एच्छिक ब्यूरो के सदस्यो के प्रयास से 16 मामलों का निस्तारण हुआ तथा 03 दंपति सविता/सीताराम, सोनी/महिनाश व प्रिया/अभिषेक आपसी मतभेद भुलाकर एक दुसरे के साथ रहने को राजी हुए। 01 मामले में एफआईआर का निर्णय तथा 14 फाईलें पक्षकारों की उदासीनता से बन्द की गयी। अन्य मामलों के निस्तारण हेतु ब्यूरो की बैठक की अगली तारीख 06.10.2024 दी गयी है। क्षेत्राधिकारी नगर मऊ श्री अंजनी पान्डेय ने बैठक में उपस्थित होकर कमिटी से बातें कीं। एच्छिक ब्यूरो की बैठक में अर्चना उपाध्याय, सर्वेश दूबे, शाहिद पैरिस, मौलवी अरशद, उ0नि0 मानसिंह, म0आ0 पुनम पाल, राजलक्ष्मी उपस्थित रही।